Title: Need to ensure adequate supply of water and power in the state of Jharkhand.

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को एक महतूवपूर्ण सूचना देना चाहता हूँ। अभी गर्मी का प्रथम चरण है लेकिन देश के अधिकांश हिस्सों में पेयजल की कमी को देखते हुए हाहाकार मचा हुआ है और किल्लत हो गई है। समाचार पत्रों की सुर्खियों में यह खबर बनी हुई है। ऐसी स्थिति में देश के कई हिस्सों में पानी के लिए मार-पीट होती है। पेयजल की आपूर्ति की जो समस्या सामने आई है, उससे एक तो भूमिगत जल स्तर निचि गिर गया है और दूसरे बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है। हम विशो रूप से झारखंड प्रदेश की बात कर रहे हैं। वहां पानी की भारी किल्लत हो गई है। ऐसी स्थिति में मनुयों के अलावा जानवरों के लिए भी पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां जानवरों के लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही है। वहां पर 400 फीट वाटर लैवल नीचे चला गया है जिसके चलते चापाकल और बोरिंग वगैरह सब फेल हो गए हैं। शहरों में लोग एक एक बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। पानी नहीं मिल रहा है। पूरे झारखंड में विद्युत आपूर्ति मखौल बनकर रह गई है। â€¦ (व्यवधान) वहां मीटरों की जो व्यवस्था की है, उसे भी कंप्यूटराइज्ड किया गया है जिसके चलते और समस्या हो गई है। बिहार और झारखंड में कैडर के बंटवारे को लेकर जो परेशानी उत्पन्न हुई है, उसके चलते भी काम नहीं हो रहा है और परेशानी हो रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि अविलंब वहां पेयजल की व्यवस्था कराई जाए और झारखंड में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।